हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 226 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 31 मई 2024 | मूल्य 2 रुपया


# यहां न्यूट्रल कैसे हो रहे पेट लवर्स?

## बेजुबानों को नियम विरुद्ध पिंजरें में बंद कर बेचा जा रहा

**नियम ताक पर, खुले आम बिक रहे जानवर**

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** आवारा कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई के दौरान कथित पेट लवर्स लगातार नगरपालिका की कार्रवाई पर बाधा डाल रहे हैं। बेजुबान मासूम जानवरों की दुहाई देकर कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं। लेकिन, शहर में पिंजरे में बंद करके बेजुबान पक्षियों और जानवरों को नियम विरुद्ध बेचा जा रहा है। यहां कथित श्वान प्रेमियों को मानो सांप सुंघ गया हो। इसके अलावा नियम विरुद्ध हो रही पिंजरे में बंद पक्षियों और अन्य जानवरों की बिक्री को लेकर प्रशासन ने अभी तक कोई सख्ती नहीं दिखाई है।

### पंजीयन कराने का है नियम...

जिले में संचालित ज्यादातर पालतू पशु-पक्षी दुकान के संचालकों ने अपनी दुकान का पंजीयन नहीं कराया है। पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के पेट शाप रूल्स 2018 के तहत देश भर में कुत्ता, बिल्ली, पिग, मूशक, चुहिया तथा पिजरा बंद पक्षी का व्यापार करने वाले या आनलाइन क्रय-विक्रय करने वालों को वाइल्ड लाइफ बोर्ड में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। दुकानों का रजिस्ट्रेशन होने के बाद ही वेटनरी डाक्टर समय-समय पर जाकर जांच करेंगे कि दुकान संचालक नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं। पर आलम यह है कि विभाग द्वारा नरमी बरतने की वजह से ज्यादातर दुकान संचालक भारत सरकार के नियम को ठेंगा दिखा रहे हैं।

### रजिस्ट्रेशन के लिए यह जरूरी...

पशु-पशुओं की दुकान संचालित करने हेतु रजिस्ट्रेशन के लिए करीब पांच हजार रुपये शुल्क भुगतान करने के साथ शपथ पत्र देना होता है कि पेट शाप रूल्स 2018 के नियमों का कभी उल्लंघन नहीं करेंगे। रजिस्ट्रेशन पांच वर्ष के लिए मान्य रहता है। उसके बाद फिर आवेदन कर नवीनीकरण कराना पड़ता है।



### 122 पक्षी वन्य जीवों में शामिल...

बगुला, मोर, तोता, मैना, गौरेया, उल्लू, चील, गिद्ध, बया, तीतर, हरियल, सफेद कबूतर, महोका, नीलकंठ, इंडियन हार्नबेल और मुनिया सहित करीब 122 पक्षियों को प्रोटेक्टेड श्रेणी में रखा गया है। इन पक्षियों को बेचने, खरीदने या पिंजरे में रखना अपराध है। इसके बाद भी शहर के विभिन्न इलाकों में खुलेआम पिंजरे में रखकर पक्षियों की बिक्री हो रही है, जो साफ दर्शाता है कि अफसरों की सुस्ती की वजह से दुकानदारों के हौसले बुलंद है। जबकि, पशु-पक्षियों का व्यापार प्रतिबंधित है। कानून में कड़ी सजा एवं जुर्माने का प्राविधान भी है।

## ओम गिरी गोस्वामी की रिमांड बढ़ी, 2 जून को करेंगे पेश...

## चपेटे में आ सकते है शहर के नर्सिंग कॉलेज

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** हाईकोर्ट के निर्देश के बाद सीबीआई द्वारा की गई नर्सिंग कॉलेज जांच में सामने आए रिश्वत कांड की चपेट में मंदसौर के नर्सिंग कालेज भी चपेट में आ सकते है। क्योंकि इस मामले में जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश गोस्वामी और उनके छोटे भाई ओम गिरी गोस्वामी के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया गया है। इसमें सीबीबीआई के आरोपी अफसरों के अलावा ओम गिरी गोस्वामी की भूमिका भी सामने आती दिख रही है। यहीं कारण है कि ओम गोस्वामी सहित चार आरोपियों को सीबीआई की विशेष कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें एक जून तक सीबीआई रिमांड पर भेजा गया है।

बता दें कि इसके एक दिन पहले नौ आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था। जिन्हें जैल भेज दिया गया है। इधर ओम गिरी गोस्वामी पर मंदसौर के नर्सिंग कॉलेज से रुपए उगाकर सीबीआई अफसर तक पहुंचाने का काम करने का आरोप है। इसके अलावा अन्य जगहों के कॉलेजो से रुपए वसूलने की जिम्मेदारी भी ओम की ही बताई जा रही है। अब रुपए देने वाले नर्सिंग कॉलेज पूरी तरह से ठगा गए है। इसका कारण यह है कि हाईकोर्ट ने जांच में सूटेबल कॉलेजों की फिर से जांच के आदेश दिए है तो वहीं मप्र रजिस्ट्रेशन काउंसिल ने भी सीबीआई को करीब 475 कॉलेजों की जांच सौंपी है।

बता दे कि बर्खास्त सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज, भास्कर कॉलेज ऑफ नर्सिंग ग्वालियर के डायरेक्टर जुगल किशोर शर्मा, प्रत्यांश कॉलेज ऑफ नर्सिंग इंदौर के ओम गोस्वामी और आरडी मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी के डायरेक्टर रवि भदौरिया को कोर्ट में पेश किया गया। एक आरोपी रवि भदौरिया के पिता का निधन होने के कारण उसे इंदौर में अंत्येष्टिमें शामिल होने की रियायत दी गई। इंदौर में अंत्येष्टिके बाद रवि भदौरिया को सीबीआई टीम अपने साथ ले गई। अब इन सभी आरोपियो को 2 जून को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## घर के बाहर से ट्रैक्टर चोरी

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** शामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुरावन से एक ट्रैक्टर चोरी हो गया। ट्रेक्टर किसान के घर के बाहर खड़ा किया गया था।

मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्रसिंह पिता विक्रमसिंह निवासी कुरावन का ट्रैक्टर अज्ञात बदमाश घर के बाहर से चोरी कर ले गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मामले में भादंसं की धारा 379 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## वाहन चलाता मिला नाबालिग तो लगेगा 25 हजार रुपए जुर्माना

**दुर्घटनाओ में आ सकती है कुछ कमी**

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** शहर की सड़को पर नाबालिगो के हाथ में वाहन दुर्घटना को बुलावा दे रहे हैं। बाइक रेसिंग हो या स्पीड का खेल, लोगों की जान आफत में आ रही है। हालांकि अब इस मामले में एक जून से सख्त नियम लागू किए जा रहे है। जिसके तहत चालान की राशि में तगड़ी बढ़ोतरी की गई है। अब नाबालिग हाथ में वाहन दिखा तो 25 हजार रूपए का चालान बनेगा।

बच्चों के गाड़ी चलाने पर अब सख्ती की जा रही है। नए नियमों के तहत ट्रेफिक रूल तोडने पर कई गुना जुर्माना देना होगा। प्रदेश में नए ट्रेफिक रूल 1 जून 2024 से लागू होंगे। जिनका उल्लंघन करना महंगा पडेगा। ऐसी स्थिति में जुर्माना के रूप में हजारों रुपए का चूना लगेगा। गाड़ी तेज चलाने पर ही 2 हजार रुपए तक भरना पड़ सकता है। अब ड्राइविंग लाइसेंस बेहद जरूरी हो गया है। बिना लायसेंस के वाहन चलाने पर 500 रुपए का जुर्माना देना होगा। बिना हेलमेट के और कार में बिना सीट बेल्ट के पाए जाने पर भी खासा जुर्माना लगेगा। नए नियमों में बच्चों के वाहन चलाने पर जबर्दस्त सख्ती की गई है। 18 साल से कम उम्र में गाड़ी चलाने पर 25 हजार रुपए का भारी भरकम जुर्माना देना होगा। ऐसे केस में नाबालिग को 25 साल की उम्र तक ड्राइविंग लाइसेंस जारी नहीं किया जाएगा। इतना ही नहीं, वाहन मालिक का लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। एमपी में अभी 16 साल के बच्चों को 50 सीसी के वाहन चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाता है। 18 साल की उम्र होने पर इस लाइसेंस को अपडेट करा सकते हैं। प्रदेश में बड़े वाहनों के लिए 18 साल की उम्र पूरी होने के बाद ही लाइसेंस जारी किया जाता है। नए नियमों में तेज गति से गाड़ी चलाने वाले पर न्यूनतम 1000 रुपए और अधिकतम 2000 रुपए जुर्माना भरना पड़ेगा। हेलमेट न पहनने पर 100 रुपए का जुर्माना लगेगा। जबकि कार में सीट बेल्ट न पहनने पर भी 100 रुपए का जुर्माना देना होगा।



## नौतपा- हवा चलने से तापमान में गिरावट, धूप में तेजी बरकरार



**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** बीते दो दिनो से हवा चलने के कार ण भीषण गर्मी से कुछ राहत है। दिन और रात के तापमान में भी 2-3 डिग्री तक कि गिरावट आई। गुरुवार को नौतपा का छठा दिन था। इस दौरान जिले में अधिकतम तापमान 40 डिग्री व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री के आसपास बना रहा। हालांकि, धूप में तेजी रही। मौसम विभाग ने जिले में शुष्क दिन का अनुमान जताया है। हीट वेव का कोई अलर्ट नहीं है। मौसम जानकारों के अनुसार अगले दो दिन और लू का असर रहेगा, लेकिन गर्मी बढ़ेगी। 2 जून को नौतपा का असर समाप्त हो जाएगा। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि अगले 2 दिन प्रदेश में हीट वेव का असर रहेगा। उत्तरी हिस्से में गर्म हवाएं चलेंगी। 1 जून को हीट वेव की स्थिति कमजोर हो जाएगी। हालांकि, टेम्प्रेचर में बढ़ोतरी रहेगी।

## मामला पिपलिया मंडी की युवती द्वारा सुसाईड नोट लिखकर जान देने का...

# महू-नीमच रोड़ पर शव रखकर किया चक्काजाम

**आरोपी युवक पर कार्रवाई की मांग**

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** पिपलिया मंडी में एक युवती द्वारा प्रेमी द्वारा कथित रूप से धोखा दिए जाने से परेशान होकर फांसी लगा ली गई। इस मामले में सुसाइड नोट में एक युवक पर धोखा देने का आरोप लगाया था। इसी को लेकर परिजनों सहित लोगों में आक्रोश देखा गया। जिसके बाद शव को सडक पर रखकर चक्काजाम किया गया। युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। परिजनों ने आत्महत्या के लिए युवक को जिम्मेदार बताया। उन्होंने आरोपी की गिरफ्तारी और उसके मकान पर बुलडोजर चलाने की मांग की। राजमार्ग पर प्रदर्शन के दौरान एक घंटे की समझाइश के बाद युवती के परिजन माने।इस दौरान वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

दरअसल गायत्री शक्ति पीठ पर निवासरत आशा मेघवाल ने बुधवार शाम स्वयं के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती नर्सिंग का कोर्स कर चुकी थी और फिजियोथेरेपी का कोर्स कर रही थी। इस बीच वह कुछ माह से अपने दादाजी के यहां पिपलिया मंडी रह रही थी। आत्महत्या से पूर्व युवती ने सोशल साइट इंस्टाग्राम पर 3 पोस्ट अपलोड की। जिसमें एक पोस्ट में उसके पिता के नाम 4 पेज का पत्र तो दूसरे में 4 पेज का सुसाइट नोट जितेन्द्र नागदा के नाम लिखा। वहीं युवक के साथ फोटो भी अपलोड किए। आत्महत्या से कुछ देर पूर्व युवती ने सोशल साइट इंस्टाग्राम पर डॉ. आशु आर्टिस्ट के नाम से बनी आईडी से 3 पोस्ट अपलोड की। एक पोस्ट में 4 पेज का पत्र पिता के नाम लिखते हुए माफ कर देना पापा लिखा। वहीं दूसरे पत्र में जितेन्द्र नागदा के नाम 4 पेज का सुसाइड नोट लिखकर प्यार में धोखा देने का आरोप लगाया। युवती नर्सिंग का कोर्स कर चुकी थी। अभी वह फिजियोथेरेपिस्ट का कोर्स कर रही थी। उसने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट में 2 पेज का पत्र पिता के नाम लिखते हुए माफ कर देना पापा लिखा। वहीं, दूसरी में जितेंद्र नागदा पर प्यार में धोखा देने का आरोप लगाया। तीसरी पोस्ट में युवक के साथ 10 फोटो अपलोड किए थे।

### परिजन बोले- लड़के ने किसी और से शादी कर ली...

युवती के परिजन ने बताया कि दोनों काफी समय से लिव-इन में रह रहे थे। लड़के ने 5 महीने पहले किसी और से शादी कर ली थी। शादी के बाद दोनों अलग हो गए थे। कुछ समय बाद जितेंद्र फिर लड़की से मिला। उसने कहा था कि परिवार के लिए उसने शादी की है। उसे तलाक देकर तुमसे शादी करूंगा। सोमवार को दोनों दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक साथ में रहे। रात में जितेंद्र का छोटा भाई आया और गालियां देने लगा। उसने कहा- तुम्हारी लड़की मेरे भाई को फंसा रही है।



### लड़के के पिता पर कई बार धमकाने का आरोप...

लड़की ने कहा- अपने पिता और भाई को बुला लो, पता चल जाएगा कौन झूठ बोल रहा है। हम एक घंटे तक इंतजार करते रहे, लेकिन कोई नहीं आया। वे बहाने बनाने लगे कि बीपी लो हो गया है। इस पर मैं, लड़की को लेकर अपने दोस्तों के साथ उसके घर गया। घर पर उनका पूरा परिवार बैठा हुआ था। लड़की ने कहा- तुमने मुझसे शादी का वादा किया, अब अपने पिता के सामने यही बात कहो। जितेंद्र ने अभद्रता करते हुए शादी से मना कर दिया। उसने लड़की से काफी पैसे भी लिए थे। लड़के के पिता पहले भी दो बार घर आकर धमका चुके हैं। हमारे आने के बाद भी उन्होंने धमकाया था।

### पुलिस ने कहा- आरोपी लड़के के खिलाफ प्रकरण दर्ज...

पिपलिया मंडी चौकी प्रभारी कपिल सौराष्ट्रीय ने कहा कि जितेंद्र नागदा मंदसौर में लॉ प्रेक्टिस करता है। चार-पांच महीने पहले उसकी शादी हो चुकी हैं। दोनों के बीच अफेयर था। लड़की के सुसाइड नोट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। जांच में यदि उसके पिता भी दोषी पाए जाते हैं तो उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## उपचार के दौरान नव विवाहिता की मौत

### बड़े अस्पताल में हंगामा, 28 दिन पहले हुआ था विवाह

**नीमच/मनासा, 30 मई गुरु एक्सप्रेस। गुरुवार को एक नव विवाहिता की उपचार के दौरान बड़े अस्पताल मौत हो गई। जिसके बाद मृतिका के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा कर दिया। इस दौरान स्टाफ और मृतिका के परिजनो के बीच जमकर बहसबाजी हुई। बताया गया है कि मृतक महिला यशोदा पिता गणपत मीणा उम्र 20 वर्ष निवासी अचारी नीमच की रहने वाली थी। जिसका विवाह 28 दिन पहले बीते 1 मई को मनासा तहसील के गांव देवरी सोमिया के रहने वाले आयुष के साथ हुआ था।**

नवविवाहिता की 29 मई बुधवार को तबीयत खराब होने से रात्रि में पहले मनासा के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से उसे नीमच के बड़े अस्पताल रेफर किया था। यहां गुरुवार सुबह महिला में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला को तेज पेट दर्द के साथ बुखार आया और खून की कमी भी थी। आरोप है कि बड़े अस्पताल में डाक्टरो और स्टाफ द्वारा महिला का उपचार नहीं किया गया और लापरवाही बरती गई। खून की कमी होने के बावजूद भी उसे खून नहीं चढ़ाया गया और इस लापरवाही के चलते महिला की गुरुवार सुबह मौत हो गई।

महिला की मौत के बाद ससुराल पक्ष और मायके पक्ष के लोगों ने बड़े अस्पताल में जमकर हंगामा किया और डॉक्टर के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। हंगामे की सूचना पर कैंट थाना पुलिस और नायब तहसीलदार जागृति जाट मौके पर पहुंची और परिजनों से चर्चा कर समझाइश देने का प्रयास किया। परिजनों का कहना है कि चिकित्सकों और स्टाफ की लापरवाही से महिला की मौत हुई हैं। सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। तब तक वे पोस्टमॉर्टम नही करवाएंगे। हालांकि, पुलिस प्रशासन द्वारा परिजनों को समझाईश देने के बाद मामला शांत हुआ। मृतिका के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनो के सुपूर्द किया गया।

## राजा बाबू कलेक्शन संचालक को मिली थी फिरौती की धमकी...

# रिश्तेदार ने ही किया कारनामा, 5 दिन पूर्व दुकान के अंदर डलवाई थी धमकी भरी पर्ची

### बाद में कॉल कर मांगी थी 5 लाख फिरौती, 3 आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**दलौदा, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** बीती 23 मई की रात्रि 11.45 पर दलौदा नगर के व्यवसाई की दुकान राजा बाबू कलेक्शन के बाहर रात्रि में अज्ञात आरोपियों द्वारा एक धमकी भरी पर्ची दुकान के अंदर डाली गई थी। जिसमे लिखा था की 'हा राजा में (दाउद्ध) 302 गैंग 02 दिन के अंदर 06 लाख की व्यवस्था रखना नही तो तेरे परिवार से टाटा बाय बाय।।

पर्ची को सुबह राजा बाबू कलेक्शन की दुकान में देखा तो तत्काल संचालक द्वारा थाना दलौदा में सूचना दी। थाना पुलिस ने तत्काल केमरे देखे और दुकान के आसपास के एरिया की लगी दुकानों पर भी केमरे चेक किए। जिसमे थाना पुलिस ने 302 के नाम से संचालित वसुली ग्रुप के 03 आरोपियो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक पिस्टल व मोबाईल जप्त किया। मजे की बात तो यह है की आरोपियों ने लाइटर पिस्टल से चमकाने का प्रयास किया था। जानकारी के अनुसार अली पिता युसुफ खान मंसुरी उम्र 48 साल निवासी शिक्षक कालोनी दलौदा ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट किया की बीती 24 मई को मेरे लडके को मेरी दुकान की शटर के लाक मे एक चिट्ठी मिली। जिसमे 06 लाख रुपये की डिमांड की गई थी। फरियादी को लगा की कोई मजाक कर रहा है। बाद 28 मई को



फरियादी के बेटे को एक अनजान नंबर से फोन आया ओर बोला की मेरे लडके व मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए 05 लाख रुपये की मांग की गई। इसके बाद फरियादी ने जिस दिन चिट्ठी मिली उस दिन के सीसीटीवी फुटेज देखे तो उसमें एक लडका मुंह पर गमछा बांधे हुए एक कागज शटर के अंदर डाल रहा है। ओर फिर जानबुझकर लाईटर पिस्टल दिखा रहा है। जिससे परिवार के सदस्यो मे भय का महौल बन गया था। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना दलौदा पर अपराध धारा 386 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौराने विवेचना मे फरियादी को आये फोन से नंबर जांच करते घटना मे मुन्ना उर्फ मुजफ्फर पिता मुजम्मील शाह उम्र 24 साल निवासी आजाद गली नं. 01 महिदपुर, शाहरुख पिता रसुल मंसुरी उम्र 25 साल निवासी डोराना थाना नई आबादी जिला मंदसौर, अनिस पिता मोहम्मद बिलाल उम्र 27 साल निवासी डोराना थाना नई आबादी जिला मंदसौर को घटना मे संलिप्तता के आधार पर हिरासत में लिया। पुछताछ में संदेहियो ने बताया की 10 दिन बाद मुश्ताक के लडके की शादी थी तो घर मे पैसा रखा था। यह बाद अनिस को पता थी, क्योंकि अनीस मुश्ताक के ई-बाईक का शौरुम पार्टनर है ओर रिश्तेदार भी है। तो उसके घर की सारी जानकारी अनीस को थी।

शुरु दिन चिट्ठी डालने अनीस व ओसामा पिता लालु सदर निवासी डोराना आये थे। अनीस को यह भी पता था की थोडा लाईटर पिस्टल कैमरे मे दिखाएंगे, इतने मे घर वाले डर के मारे पैसे दे देंगे। इसीलिये चिट्ठी डालने के बाद लाईटर पिस्टल कैमरे मे दिखाई थी। बाद आरोपियो को गिरफ्तार कर घटना मे प्रयुक्त मोबाईल व लाईटर पिस्टल को जप्त किया गया। मामले में फरार आरोपी ओसामा पिता लालु सदर निवासी डोराना थाना नई आबादी जिला मंदसौर को पुलिस तलाश रही है।

## क्षतिपूर्ति के एवज में वन विभाग को दी जाने वाली भूमि और राशि अब वापस ले सकेंगे उद्योग

**भोपाल, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** वन क्षतिपूर्ति के एवज में कैम्पा फंड के तहत वन विभाग को दी जाने वाली भूमि और पौधारोपण की राशि अब निवेश करने वाली कंपनियां वापस ले सकेंगी। इसके लिए वन विभाग नई नीति बना रहा है। इससे मध्य प्रदेश में निवेश करने वाली उन कंपनियों को लाभ होगा जो निवेश के लिए वन क्षेत्र में आने वाली भूमि के उपयोग के बदले अन्य क्षेत्र में भूमि तो दे देते हैं, लेकिन बाद में निवेश की संभावनाएं कम दिखने की वजह से पीछे हट जाते हैं। इस स्थिति में उनके द्वारा वन विभाग को दी गई भूमि व राशि वापस मांगी जाती है। लेकिन, नियमों में इसके प्रविधान न होने से ऐसा संभव नहीं हो पाता है, इसलिए मध्य प्रदेश वन विभाग इसको लेकर नई नीति बना रहा है। नीति में यह भी प्रावधान रहेगा कि संबंधित कंपनी अपने प्रोजेक्ट की भूमि किसी अन्य कंपनी को भी दे सकेगी।

अभी मध्य प्रदेश में व्यवस्था है कि वन भूमि पर किसी कंपनी को प्रोजेक्ट लगाना होता है और इससे वनों को क्षति होती है तो उसके एवज में दो गुना भूमि और पौधारोपण करना होता है। इसके लिए भारत सरकार के कैम्पा फंड में राशि जमा करानी होती है। 10 प्रतिशत राशि भारत सरकार रखती है, शेष 90 प्रतिशत राशि से पौधारोपण सहित अन्य कार्य कराए जाते हैं। कई बार उद्योगपति प्रोजेक्ट पास होने के बाद भी किसी कारणवश निवेश से पीछे हट जाते हैं तो ऐसी स्थिति में उन्हें न भूमि वापस दी जाती है और न ही राशि लौटाई जाती है। इसके चलते कई कंपनियां मध्य प्रदेश में निवेश करने से बचती हैं।

### निजी और शासकीय दोनों ही प्रोजेक्ट पर नीति होगी लागू...

वन विभाग की यह नीति निजी क्षेत्र के और शासकीय दोनों प्रोजेक्ट पर लागू होगी। इससे निर्माण कार्य करने वाले विभागों को भी लाभ होगा। इनमें पीडब्ल्यूडी, पीएचई, जल संसाधन विभाग और खनिज सहित विभिन्न विभागों को लाभ होगा।




# ठा. अर्जुनसिंह राठौर ने हर क्षेत्र में अपने को सक्रिय रखा-चावला

## स्मृति विशेष कार्यक्रम में ठा. अर्जुनसिंह के कार्यों को किया याद

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** विभिन्न संगठनों से जुड़े श्री खाटू श्याम मंदिर के प्रमुख संस्थापक वैकुंठवासी ठाकुर अर्जुनसिंह राठौर के तृतीय पुण्य स्मृति दिवस पर स्मृति विशेष कार्यक्रम श्री खाटूश्याम मंदिर परिसर पर आयोजित हुआ। जिसमें श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष पं. शिवकरण प्रधान, शिवमहापुराण कथा प्रवक्ता श्री विष्णु जी शर्मा, मल्हारगढ श्री खाटूश्याम मन्दिर के प्रधान पुजारी श्री आशीष जी शर्मा का सानिध्य प्राप्त हुआ। अतिथि के रूप में सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग, पूर्व गृहमंत्री कैलाश चावला, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, भाजपा नेता मदनलाल राठौर, मानसिंह माच्छोपुरिया, वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम बटवाल, जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष ब्रजेश जोशी, डॉ. वी एस मिश्र, सेवानिवृत एडीएम नरेंद्र सिंह राजावत, नरेश चंदवानी मंचासीन थे।

इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री कैलाश चावला ने कहा कि अर्जुनसिंह जी ने शासकीय सेवा में रहते ठाठ से नौकरी की। हमेशा हर कलेक्टर, हर अधिकारी के प्रिय रहे और रिटायरमेंट के बाद धार्मिक-सामाजिक आयोजन में सक्रियता रखी। जिसमे खाटूश्याम मन्दिर बनवाना, राष्ट्रीय संत स्वामी रामभद्राचार्य जी की कथा करवाई, और स्वामी रामदेव के मंदसौर आगमन पर आपके घर रुकवाया। नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने कहा कि शैलेंद्र भैय्या अपने पिता के सामाजिक हो या धार्मिक हो सभी कार्यो को आगे बढा रहे है। इस अवसर पर सभी बचो की प्रतिभा को सम्मानित किया जा रहा है। मै सभी बचो के उज्वल भविष्य की शुभकामनाये देती हूं। श्री मदनलाल राठौर ने कहा अर्जुन सिंह जी ने ऐसा वर्चस्व बना रखा था की जिस ऑफिस में भी जाते, वहा के अधिकारी भी उनके सम्मान में खड़े हो जाते थे। अर्जुन सिंह जी के साथी श्री गोपाल कृष्ण शर्मा ने कहा हमारे कामरेड अर्जुन सिंह जी में यह कला थी की क्लास 1 ऑफिसर हो या हमारा लघु वेतन का साथी या राजनेता हो या ग्राम का सामान्य कृषक सभी को खुश रखते थे। हमेशा मुस्कराते रहना उनकी विशेषता रही है। इस अवसर पर ठा. अर्जुनसिंहजी की पुण्य स्मृति में समिति द्वारा मेधावी छात्रों एवं खेल के क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को खाटू श्यामजी की तस्वीर प्रमाण पत्र के साथ पंछियों को पानी पिलाने के सकोरे भी दिए गए। सभी अतिथियों को भी स्मृति समिति द्वारा 301 पंछियों के सकोरे भेंट किए गए। इस अवसर पूर्व सीएसपी अनिल सिंह राठौड, विष्णु तुगनावत, डा. अजय जैन, विनय दुबेला, विजय पोपट, राजेंद्र छाजेड, राजपूत समाज के दशरथ सिंह चन्द्रावत, रिपुदमन सिंह चन्द्रावत, पुष्पराज सिंह राणा, शिवप्रताप सिंह राणा, रामसिंह सिसोदिया, सुरेश शेखावत, दशपुर जागृति संगठन के सत्येन्द्र सिंह सोम, कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा, उपाध्यक्ष इंजीनियर बीएस सिसोदिया, बीएल टांक, राजाराम तवर, रविंद्र पांडे, हरिनारायण टेलर, श्रीमती बिंदु चन्द्रे, पेंशनर संघ के धर्मवीर गुप्ता, अशोक शर्मा, सतीश नागर, पत्रकार महावीर अग्रवाल, अशोक त्रिपाठी, आशुतोष नवाल, आलोक शर्मा, नरेंद्र धनोतिया, नेमीचंद राठौर, गायत्री प्रसाद शर्मा, अभिषेक विद्यार्थी, विवेक शर्मा, राजेश पाठक, उमेश नेक्स, महावीर जैन, अजय बड़ोदिया, ललित पटेल, योगेश पोरवाल, राकेश भाटी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दशपुर जागृति संगठन, भारत पेंशनर समाज, जिला प्रेस क्लब, दशपुर प्रेस क्लब, यंग मीडिया क्लब, समाचार पत्र संपादक संघ, जिला मंदसौर संपादक संघ, संयुक्त मोर्चा, श्री राधा कृष्ण भक्त मंडल, मप्र पेंशनर एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षाविद रमेशचन्द्र चंद्रे ने किया एवं आभार सुयशराज सिंह राठौर ने माना। कार्यक्रम के पश्चात सहभोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# शिविर के समापन पर दक्षता प्रशिक्षण प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** मिक्स मार्शल आर्ट एसोसिएशन मंदसौर के सहयोग से एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में चल रहे 28 वे ग्रीष्मकालीन ताइक्कांडो ,वूशु कराते, पेंचिक सिलाट मार्शल आर्ट समर कैंप मैं सहभागीता करने वाले खिलाड़ियों की 29 मई को उत्कृष्ट विद्यालय हॉल मे दक्षता प्रशिक्षण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ के मुख्य अतिथि पत्रकार एवं जिला स्पोटर्स ताइक्कांडो एसोसिएशन मंदसौर के अध्यक्ष श्री सुरेश भाटी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय कन्या महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय के प्राचार्य श्री केसी सोलंकी, विशेष अतिथि डॉक्टर एवं समाजसेवी श्री गौतम जी वक्ता, पत्रकार श्री विजेंद्र जी फाफरिया, शासकीय कन्या महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय के अध्यापक श्री चेतन जी गनछेड थे। इस दौरान व्यवस्था प्रभारी श्री विजय जी कोठारी, एसोसिएशन के संयोजक श्री गगन कुरील विशेष रूप से मंचासीन थे। अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता संपन्न करवाने वाले निर्णायक हेड जज श्री सैयद आफताब आलम, सेन्टर रिफेरी श्री यश हीवे कोनर जज श्री सोनु मेघवाल, श्री आदित्य चनाल, श्री धवल कुमावत, सुश्री शीतल राठौर, कृष्णा गड़िया, सुश्री आसमा बी सभी निर्णायक को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुरेश भाटी ने कहा कि मंदसौर मार्शल आर्ट परिवार के परिश्रम के कारण मंदसौर में न सिर्फ समर केम्प आयोजित हो रहे है बल्कि पुरे वर्ष मार्शल आर्ट की गतिविधियां भी चल रही हैं, उन्होनें अन्य खेलो के प्रोत्साहन हेतु भी खेल प्रेमियो को आगे आने का आव्हान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महारानी लक्ष्मीबाई उमावि के प्राचार्य श्री केसी सोलंकी ने कहा कि बचो को वर्तमान समय में खेलो से जोडना चुनौती है। मार्शल आर्ट गतिविधियो से खेलो के साथ ही बचो में आत्मरक्षा की कला विकसित होती है। चिकित्सक एवं समाजसेवी श्री गौतम वक्ता ने कहा कि मार्शल आर्ट ऐसी कला है जो खेल मैदान के साथ ही जीवन में आवश्यकता पडने पर आत्मरक्षा हेतु भी उपयोगी है। उन्होने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बचो को शुभकामनाये दी। पत्रकार श्री विजेन्द्र फाफरिया ने मिक्स मार्शल आर्ट एसोसिएशन के संयोजक श्री गगन कुरील की प्रशंसा करते हुये कहा कि उनके प्रयासो से मंदसौर में मार्शल आर्ट नई उंचाईयां प्राप्त की है। इस अवसर पर महारानी लक्ष्मीबाई उमावि के अध्यापक श्री चेतनदास गन्छेड ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रारंभ मे अतिथियो का स्वागत सैयद आफताब आलम, सुनील हीवे, अशोक माली, कमलेश जी डोसी, शाहिद जी हुसैन, यशवंत सिंह राठौर, धर्मेंद्र सिंह रानेरा द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन मिक्स मार्शल आर्ट एसोसिएशन के व्यवस्था प्रभारी श्री विजय कोठारी ने किया एवं आभार मिक्स मार्शल आर्ट एसोसिएशन के संयोजक श्री गगन कुरील ने माना।



## जन औषधि केंद्र के संबंध में बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** जन औषधि केंद्र के संबंध में विशेष बैठक एसडीएम श्री शिवलाल शाक्य की अध्यक्षता में तहसील कार्यालय के सभा कक्ष में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक ली। बैठक में एसडीएम श्री शाक्य ने जन औषधि केंद्र एवं उन पर मिलने वाली जेनेरिक दवाओं के बारे में आम नागरिकों को जानकारी देने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, औषधि निरीक्षक श्री जय प्रकाश कुमावत एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक के दौरान एसडीएम श्री शाक्य ने जन औषधि केंद्र पर मिलने वाली दवाइयां डब्ल्यूएचओ जीएमजी सर्टिफाइड दवा उत्पादक कंपनियों से ही खरीदी जाती है। जन औषधि केंद्र पर जेनेरिक दवाइयां सस्ती कीमत पर उपलब्ध है। आम नागरिक जन औषधि केंद्र से कम कीमत में दवाई प्राप्त करें एवं जेनेरिक अपना कर दवाइयां का खर्चा कम कर सकते है।

## ट्रेक्टर ड्राइवर को पीटा, 3 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** ट्रेक्टर ड्राइवर के मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। खेड़ा काल्याखेडी निवासी सुरेशसिंह पिता हरिसिंह सौंधिया ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं रात्रि में शेरसिंह पिता सरदारसिंह के साथ ट्रेक्टर लेकर मंदसौर मंडी से खेड़ा काल्याखेड़ी जा जा रहा था, इस दौरान बाइक पर सवार होकर नापाखेड़ा निवासी हरिसिंह बागरी व अन्य दो व्यक्ति आए मुझे रोका व कहा कि ट्रेक्टर देखकर क्यों नही चला रहा। तीनों ने मेरे साथ मारपीट की व लकडी से सिर व हाथ पर मारी, जिससे खून निकलने लगा। बीच-बचाव करने आए शेरसिंह के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

# शुक्र उदय 5 जुलाई 2024 पश्चात ही बजेगी शहनाइयां

**नीमच, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** ज्योतिषीय गणना व परम्परानुसार गुरू एवं शुक्र की उपस्थिति में ही शुभ विवाह, गृह प्रवेश, देव प्रतिष्ठा, मुण्डन, उद्यापन आदि करना शुभ माना गया है। गुरू एवं शुक्र दोनों ही तारे (गृह) ज्ञान एवं काम के प्रधान कारक हैं। सूर्य के निकट जब भी कोई ग्रह एक तय दूरी पर आ जाता है तो वह ग्रह सूर्य के प्रभाव से बलहीन हो जाता है। यही अवस्था ग्रह का अस्त होना मानी जाती है। शुक्र चूंकि सुखी वैवाहिक जीवन, विलासिता, विवाह, धन ऐष्वर्य आदि का कारक माना गया है, ऐसे में शुक्र के अस्त होने पर मांगलिक कार्य में बिल्कुल भी सफलता नहीं मिलती है।

उक्त जानकारी देते हुए कर्मकाण्डीय विप्र परिषद के अध्यक्ष पं.राधेश्याम उपाध्याय ने बताया कि 31 मई को गुरू तारा उदय हो रहा है किन्तु शुक्र अभी अस्त है जो 5 जुलाई 2024 को उदय होगा। अत: इनके आशीर्वाद व उदय स्थिति अनुकूलता बिना विवाह मांगलिक कार्य की सफलता में कठिनाईयां होने की प्रबल संभावना रहती है। अति आवष्यकता में सामान्य शुभ कार्य सर्वार्थ सिद्धि/अमृत सिद्धि योग एवं भगवान के जन्मोत्सव आदि पर किए जा सकते हैं। जैसे महेश नवमी 15 जून 2024, गंगा दशहरा 16 जून 2024 प्रमाणिक मान्य हैं।

## जनपरिषद की पर्यावरण संगोष्ठी कल

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** रचनात्मक कार्यों में संलग्न संस्था जनपरिषद मंदसौर चैप्टर द्वारा पर्यावरण केंद्रित संगोष्ठी आयोजन शनिवार शाम गोल चौराहा मेडिपॉइंट सभागृह में होगा।

जनपरिषद चैप्टर अध्यक्ष डॉ घनश्याम बटवाल , सचिव नरेंद्र कुमार त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास विषय पर चर्चा होगी । महाविद्यालय मंदसौर वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ प्रेरणा मित्रा विषय प्रवर्तन करेंगी। कृषि वैज्ञानिक नरेंद्र सिंह सिपानी , पुरातत्व एवं इतिहासवेत्ता कैलाश चंद्र पांडेय , वरिष्ठ चिकित्सक डॉ विजय शंकर मिश्र , समाजसेवी नाहरूखां मेव , सार्थक संस्था अध्यक्ष डॉ उर्मिला सिंह तोमर अतिथि होंगे । जनपरिषद उपाध्यक्ष ब्रजेश जोशी , विकास भंडारी डॉ स्वप्निल ओझा , सह सचिव लोकेश पालीवाल , मीडिया प्रभारी नंदकिशोर राठौड़ कोषाध्यक्ष सचिन पारिख ने संयुक्त रूप से अपील की है कि पर्यावरण संगोष्ठी में उपस्थित होकर जलवायु में होरहे परिवर्तन और चुनौती का सामना करने से लाभान्वित हों।

# मतगणना स्थल पर मोबाईल ले जाना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी मंदसौर द्वारा बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जिले के विधानसभा क्षेत्र 224 मंदसौर, 225 मल्हारगढ़, 226 सुवासरा एवं 227 गरोठ हेतु मतगणना 4 जून 2024 को प्रात: 08 बजे से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मन्दसौर में प्रारंभ होगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना स्थल पर मोबाईल पूर्णतया प्रतिबंधित है। मतगणना हेतु संलग्न विभिन्न शासकीय सेवकों, अभ्यर्थियों, गणन अभिकर्ताओं, निर्वाचन अभिकर्ताओं के मोबाईल प्रथम सुरक्षा घेरे के बाहर (श्री कोल्ड चौराहा मंदसौर एवं जैन कॉलेज मंदसौर) में जमा करवाये जाने हेतु सशुल्क व्यवस्था की जावेगी। जिसके लिये शुल्क राशि 50 रूपये निर्धारित रहेगा, जो सैनिक कल्याण निधि में जमा होगा। इन काउन्टर के संचालन हेतु जिला सैनिक कल्याण अधिकारी मंदसौर को प्रभारी नियुक्त किया गया है। मोबाईल धारकों के मोबाईल जमा करने के दौरान उन्हें पावती दी जावें, तथा इसकी प्रविष्टिपंजी में दर्ज की जावें।



**आगजनी**-पशुपतिनाथ मंदिर स्थित शिवदर्शन कालोनी में नितीन ब्रिजवानी के मकान की दूसरी मंजिल पर एक कमरे में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है। आसपास के रहवासियों की मदद से आग पर काबू पाया।

## एक्सरे में आया फेक्चर, दम्पत्ति पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** एक्सरे में फेक्चर आने पर पुलिस ने दम्पत्ति के खिलाफ केस दर्ज किया। फतेहपुर निवासी काजल पिता दलपतसिंह बावरी ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि रोडी के विवाद में प्रहलाद बावरी व बसन्तीबाई बावरी ने मेरी बड़ी मम्मी सम्पतबाई पति नाहरसिंह से गाली-गलौज की व धक्का दे दिया, जिससे हाथ में फेक्चर आया। पुलिस ने दम्पत्ति के खिलाफ धारा 325, 323, 504 में केस दर्ज किया।

## एक्सरे में फेक्चर, दो महिलाओं सहित 4 पर प्रकरण दर्ज

**टकरावद, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** निवासी मुकेश पिता सुरेश पाटीदार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मेरे पिता सुरेश पाटीदार से शिवनारायण लोहार ने रुपए उधार लिए थे, वापस मांगे तो शिवनारायण के साथ की उसकी पत्नी धापूबाई, हरिओम लोहार, व रीनाबाई लोहार ने गाली-गलौज कर मारपीट की व धक्का देकर नीचे गिरा दिए। एक्सरे रिपोर्ट में हाथ में फेक्चर आने पर बूढा चोकी पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 325, 294, 504, 34 में केस दर्ज किया।




# कलेक्टर ने किया मतगणना केंद्र व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**नीमच, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने गुरूवार को लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत नीमच में स्थापित मतगणना केंद्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच के परिसर एवं स्ट्रांग रूम परिसर का निरीक्षण कर, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर श्री जैन ने कहा, कि बगैर परिचय पत्र के किसी को भी मतगणना केंद्र परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाए। कलेक्टर ने अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं के लिए स्थापित निगरानी कक्ष का भी निरीक्षण कर जायजा लिया। एसडीएम मनासा श्री पवन बारिया ने भी गुरूवार को विधानसभा क्षेत्र मनासा के मतगणना कक्ष के समीप बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। एसडीएम नीमच डॉ.ममता खेडे ने पीजी कॉलेज नीमच में नीमच विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्ष के समीप बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर, सुरक्षा व्यमवस्था एवं सीसीटीव्ही से निगरानी व्यवस्था का जायजा लिया।

## जिला बदर आरोपी को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने जिला बदर आरोपी को पकड़ा। मुखबिर की सूचना पर पिपलिया पुलिस ने थड़ोद निवासी डूंगरसिंह पिता वजेसिंह राजपूत को लूनाहेड़ा फन्टे पर पकड़ा। आरोपी जिला न्यायालय मजिस्ट्रेट ने जिला बदर किया था, लेकिन उसके बाद वह क्षेत्र में घूम रहा था, जिसे गिरफ्तार कर सीमा क्षेत्र से बाहर छोड़ा।

## हमारी सेवा ग्रुप कर रहा है रेलवे स्टेशन पर जलसेवा

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** इस भीषण गर्मी में ठंडा जल मिल जायें तो ऐसा लगता है मानों ईश्वर मिल गये हो। ऐसा ही पुनित कार्य हमारी सेवा ग्रुप द्वारा मंदसौर रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन दोपहर में 1 बजे से 2 बजे तक यात्रियों को जल सेवा कर किया जा रहा है। प्रतिदिन जल सेवा करने वाले प्रदीप जैन ने बताया कि हमारी सेवा ग्रुप द्वारा विगत दस वर्षो से रेलवे स्टेषन पर जल सेवा कि जा रही है। ग्रुप के 10 से 12 सदस्य प्रतिदिन रेलवे स्टेशन आते है और दोपहर की गाडीयों के यात्रियों को



आरओं का शीतल पेयजल उपलब्ध करवाते है। यह सेवा हमारे द्वारा ग्रीष्म ऋतु के तीन माह तक की जाती है। इस जल सेवा में मुख्य रूप से प्रतिदिन प्रदीप जैन, अभय रंग वाला, संदीप बाफना, संयम कियावत, ओम प्रकाश जायसवाल, हरि नारायण माथुर आदि सदस्य अपना सहयोग कर रहे है।

## कुएं में मिला डोडाचूरा

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ़ थाना क्षेत्र में एक कुए से पुलिस को 25 किलो डोडाचूरा मिला। जिसे जप्ती में लेकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफा एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मोतीपुरा कोट पिपलिया रोड पर लोगो को कुएं में एक प्लास्टिक का थैला दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। थैले को बाहर निकालकर उसकी तलाशी ली गई। जिसमें डोडाचूरा मिला। पुलिस मामले में जांच कर रही है। इधर यह भी चर्चा चलती रही कि दो लोग अपने हाथो में 10-10 किलो के दो कट्टे डोडाचूरा ले जा रहे थे। लेकिन, पुलिस को देख उनमें से एक ने अपना थैला कुए में फैंक दिया, जबकि दूसरे ने सड़क पर फैंक कर दौड़ लगा ली। अब सच्चाई तो पुलिस ही बता सकती है।

## मतगणना के संबंध में प्रेस वार्ता कल

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविंद्र परमार द्वारा बताया गया की, लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के संबंध में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है। प्रेस वार्ता 1 जून को शाम 4:30 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

व्यंग्य....

## निबंध लिख छुट्टी पा

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** निबंध किसे कहते हैं , कितने प्रकार के होते हैं,कैसे लिखते हैं पहले ये शालाओं की कक्षाओं में समझाया जाता था , फिर शिक्षार्थियों के लिखने की बारी आती। जैसे जैसे आगे बढते जाते महाविद्यालय या प्रतियोगी परीक्षा स्तर तक तो वहां निबंध विषय का स्तर भी बढता जाता गाय, बाग- बगीचों, महत्वपूर्ण व्यक्तियों से लेकर त्योहार, धर्म, विज्ञान , समाजिक - राष्ट्रीय - अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर निबंध लेखन तक की बारी आती।

निबंध लेखन अब तक परीक्षा -मूल्यांकन के लिए ही समझा जाता था। परीक्षा में निबंध लेखन स्कोरिंग का अच्छा स्रोत होता है। निबंध से छात्र की जागरूकता ,बुद्धि और तर्क करने की क्षमता , अभिव्यक्ति की क्षमता की दक्षता के परीक्षण का प्रयत्न किया जाता है। निबंध लेखन से परीक्षा में पास होने की गुंजाइश बढ़ जाती है , फिर भी कोई पास न हो पाये तो ये ओर बात है। पास हो जाए डिग्री मिल जाए , सालों-साल रोजगार न मिले ये ओर बात है। निबंध लेखन भी शिक्षा की माप का एक पैमाना है। निबंध के लेखन देना अब तक शिक्षा के लिए शिक्षालयों का ही अधिकार था किंतु जैसे जैसे देश प्रगति कर रहा है , वैसे वैसे हर विभाग में इसकी अघोषित व्याप्ति हो गई है। और शिक्षालयों से उसका एकाधिकार छीन लिया गया है। निबंध के भाग भी इतने जल्दी बदल जाएंगे ये किसने सोचा भी न था कि माननीय न्यायाधीश महोदय दंड देने में इसका उपयोग करने लगे। ये तो वही बात हुई ना कि ' काग ( निबंध) के भाग बड़े सजनी ' यूं आप ही देख लो पूणे में एक रइस जादे(पोर्शबाय) किशोर ने सरे बाजार अपनी अनलिमिटेड गति से कीमती कार चलाते हुए दो-चार को ठोक दिया दो इंजीनियरों को तो ऊपर तक पहुंचा दिया। इसमें भला किशोर की क्या ग़लती इसमें तो सड़क पर , फुटपाथ पर चलने वालों सामान्य जन की गलती है। इसमें अनदेखी - अनलिमिटेड गति के किशोर की क्या ग़लती। लिहाजा किशोर न्यायालय ने उसे दुर्घटना पर निबंध लेखन का दंड दे डाला। और आर टी ओ कार्यालय जाकर ड्राइविंग के नियम सीखने का डबल दंड भी ठोक दिया। ये हुई न बात , कक्षा में निबंध लेखन कि सहुलियत अन्य जगह भी काम होकर बचाव का साधन बन जाए इस कौशल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। एक नई सीख व दंड का नया प्रयोग है। इससे मौज-मस्ती या जानबूझकर अपराध करने वालों को निबंध लेखन भी दंड के तौर पर मिल जाएगा। निबंध लिखो छुट्टी पाओ , और ज्यादा करो तो जो अपराध किया है उसके कानूनों की ट्रेनिंग ले लो , चलेगा। निबंध लेखन की कला कभी अपराध मुक्ति का साधन भी बन जाएगी ये तो किसी ने सोचा ही नहीं था। इसलिए निबंध लेखन में हर एक को प्रवीण होना जरूरी है क्या पता कब नियम कानून में काम आ जाए।



**भगवतीप्रसाद गेहलोद, पिपलियामंडी**

# गुर्जर या गुप्ता कौन बनेगा सांसद..?

## 4 जून को 14 लाख मतदाता अपना फैसला सुनाएंगे

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर लोकसभा सदस्य, दो बार के चुनाव जीते भाजपा के सुधीर गुप्ता होंगे या चार बार के विधायक कांग्रेस के दिलीपसिंह गुर्जर। इसका फैसला 4 जून को संसदीय क्षेत्र के 14 लाख से अधिक मतदाता सुनाएंगे।



यह देश का अठारहवां लोकसभा चुनाव है। भाजपा 12 बार तथा कांग्रेस 5 बार मंदसौर से चुनाव जीती है। आठ बार सांसद बनने का सौभाग्य भाजपा के डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डे को मिला तो कांग्रेस प्रत्याशी एक-एक बार ही जीत पाए। मंदसौर संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी दिलीपसिंह गुर्जर पहली बार बाहर से नहीं आए। बंशीलाल गांधी, मीनाक्षी नटराजन दोनों रतलाम अपनी किस्मत आजमा चुके। सुश्री नटराजन एक बार चुनाव जीती, इनके अलावा डॉ. कैलाशनाथ काटजू, माणकलाल अग्रवाल, भंवरलाल नाहटा, बालकवि बैरागी भी एक-एक बार चुनाव जीते। मंदसौर संसदीय क्षेत्र में भाजपा भी प्रवासी प्रत्याशी ला चुकी है। कांग्रेस पिछले विधानसभा चुनाव में 8 में से 7 सीटों पर हार गई। इस कारण कांग्रेस क्षेत्र में निराशा का वातावरण था। दूसरी तथा तीसरी पंक्ति के नेता जनता द्वारा पराजित करने के बाद, योग्य उम्मीदवार की चर्चा के बाद जाति का कार्ड खेलने के नाम गायरी, गुर्जर, धनगर जिसके मतदाता सवा तीन लाख से अधिक होने के कारण नागदा से चार बार के विधायक दिलीपसिंह गुर्जर के नाम पर सेहरा बंधा।

सुश्री नटराजन वर्ष 2019 में पौने चार लाख से पराजित हो गई थी। पिछले विधानसभा चुनाव वर्ष 2023 में कांग्रेस 1 लाख 75 हजार वोटों से पीछे रहने तथा कांग्रेस के बागी मल्हारगढ के श्यामलाल जोकचंद 58 हजार वोट ले गए थे तब कांग्रेस शिविर को महसूस हुआ कि यह लड़ाई सवा लाख वोट पर जाकर टिक सकती है। कांग्रेस ने पहले भी जातिवाद का कार्ड खेला। बालकवि बैरागी पिछड़ा वर्ग, महेन्द्रसिंह कालूखेड़ा राजपूत, घनश्याम पाटीदार पाटीदार तथा नरेन्द्र नाहटा जैन कार्ड खेला किन्तु भाजपा के डॉ. पांडे के सामने जीत नहीं पाई। वर्ष 2024 में कांग्रेस ने पुन: पिछड़ा वर्ग के नाम गायरी गुर्जर धनगर कार्ड खेला। अब मामला इस बात पर टिक गया है कि गायरी एवं धनगर समाज के पौने 3 लाख मतदाताओं का दिल गुर्जर समाज के कथित नेता अपने व्यवहार मिलनसारिता, सद्भाव से जीत पाए होंगे ? इसका पता 4 जून को चल जाएगा। गायरी गुर्जर भाई भाई की हकीकत सामने आ जाएगी। कांग्रेस का खोज तो पिछले साढ़े तीन दशकों में गया है। पहले गांधीवादी नेता पूर्व श्रमंमंत्री श्यामसुंदर पाटीदार 6-6 बार मंदसौर से विधानसभा चुनाव जीते। श्री भंवरलाल नाहटा भी वर्ष 1980 में लोकसभा चुनाव 2700 मतों से विषम परिस्थितियों में जीतकर बता चुके थे किंतु दुर्भाग्य यह रहा कि पुरानी पीढ़ी ने कांग्रेस को मजबूत करने के लिये जो परिश्रम किया बावजूद मतभेदों के किया। आज के मौजूदा नेता ऐसा नहीं पा रहे हैं। मोदी हवा के बावजूद श्री दिलीपसिंह गुर्जर ने अपने स्तर पर कांग्रेसजनों के सहयोग से परिश्रम तो किया। यह परिश्रम मतदान के रूप में बदल पाया कि नहीं इसका उत्तर 4 जून को मिल जाएगा। इंडिया गठबंधन कांग्रेस के घोषणा पत्र मतों को बदलने में कितने निर्णायक सिद्ध होंगे यह आने वाला समय सिद्ध करेगा। 4 जून का इंतजार 14 लाख से अधिक मतदाता कर रहे हैं।

**विक्रम विद्यार्थी, मंदसौर**

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 54 | 2275 | 2388 |
| उडद | 3 | 4201 | 5600 |
| सोयाबीन | 3800 | 4340 | 4820 |
| गैहु | 8100 | 2360 | 3081 |
| चना | 470 | 6401 | 6751 |
| मसुर | 124 | 5801 | 6201 |
| धनिया | 300 | 6300 | 7400 |
| लहसुन | 14000 | 5200 | 21500 |
| मैथी | 1550 | 5300 | 6400 |
| अलसी | 1822 | 5900 | 6291 |
| सरसो | 711 | 4950 | 5580 |
| तारामीरा | 15 | 4771 | 4886 |
| इसबगोल | 213 | 9800 | 14611 |
| प्याज | 1200 | 400 | 1480 |
| कलोंजी | 50 | 11500 | 19200 |
| डॉलर | 25 | 4800 | 9601 |
| तिल्ली | 48 | 10300 | 13161 |
| मटरसुखी | 4 | 4750 | 5200 |
| असालीया | 115 | 9500 | 10190 |

## पांचवीं और आठवीं की पुन: परीक्षा के आनलाइन मिलेंगे पेपर, सेंटर पर ही करने होंगे प्रिंट

**इंदौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** पांचवीं-आठवीं की पुन: परीक्षाएं तीन से आठ जून तक आयोजित की जाएंगी। पहली बार पूरक परीक्षाओं के पेपर आनलाइन केंद्र पर ही भेजे जाएंगे। यहां प्रिंटर से प्रिंट निकालकर परीक्षार्थियों को देने होंगे। बता दें कि अप्रैल में पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम जारी हुए थे। इसमें जिले में पांचवीं में चार हजार 100 और आठवीं में तीन हजार 227 परीक्षार्थी एक या इससे अधिक विषय में फेल हो गए हैं।

परीक्षा में ऐसे परीक्षार्थी भी शामिल हो सकेंगे, जिन्होंने फार्म तो भरा था, पर परीक्षा में एक भी पेपर नहीं दे पाए थे। जिला परियोजना समन्वयक शांता स्वामी भार्गव ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार अनुपस्थित और फेल हुए परीक्षार्थियों को दोबारा मौका दिया जाएगा। इसके लिए तीन से आठ जून तक पुन: परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में पांचवीं और आठवीं से करीब दस हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा इंदौर जिले के सभी जन शिक्षा केंद्रों पर सुबह नौ से 11.30 बजे तक होगी। इस बार पांचवीं में 51 हजार 702 परीक्षार्थियों ने फार्म भरा था, जिसमें से 50 हजार 396 ने परीक्षा दी थी। 46 हजार 296 पास हुए। चार हजार 100 परीक्षार्थी एक या इससे अधिक विषय में फेल हो गए थे। 1308 परीक्षा देने से चूक गए थे। आठवीं में 48 हजार 290 ने फार्म भरा था। 46 हजार 628 ने परीक्षा दी थी। 43 हजार 401 परीक्षार्थी पास हुए थे और तीन हजार 227 परीक्षार्थी एक या इससे अधिक विषय में फेल हो गए थे। 1662 परीक्षार्थियों ने परीक्षा नहीं दी थी।





# नपाध्यक्ष ने अभिनंदन क्षेत्र का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** गुरुवार को नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने अभिनंदन क्षेत्र वार्ड नं. 5 व 21 की जनसमस्याओं के निराकरण हेतु सीएमओ श्री सुधीर कुमार सिंह, पार्षदगण आशीष गौड़, सुनीता नंदलाल गुजरिया, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद शर्मा, भाजपा नेता नंदलाल गुजरिया, राजेश गुर्जर, संजय गोयल पूर्व पार्षद, गैरेज सहायक जाकिर भाई के साथ अभिनंदन क्षेत्र के कई स्थानों का निरीक्षण किया और वर्षा ऋतु में जलभराव को रोकने के लिये बड़े नालों की सफाई करने के संबंध में चर्चा की। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने टिगरिया के 500 आवास क्षेत्र के मुख्य मार्ग का भ्रमण किया और यहां नाले के पानी की निकासी बेहतर तरीके से हो इस संबध में प्रभारी दरोगा को बुलाकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये और सफाई व्यवस्था को यहां और सुव्यवस्थित करने को कहा। इसके बाद नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने अभिनंदन क्षेत्र के अपना परिसर के बाहर मेन रोड का भी निरीक्षण किया और यहां जलभराव नहीं हो इसके लिये आवश्यक उपाय करने को भी कहा। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने वार्ड नं. 6 व 3 के मुख्य नाले वल्लभ नगर के नाले की सफाई करने के भी निर्देश दिये। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने पद्मावति रिसोर्ट के पीछे नाले की सफाई करने का भी निर्देश सफाई गैंग प्रभारी सुंदर डगले को दिया। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने शांतनु विहार से मुक्तिधाम की ओर जाने वाले खुले नाले से भी गाद हटाने के कार्य का निरीक्षण किया। नपा के द्वारा यहां बड़े नाले से प्रतिदिन गाद हटाई जा रही है।

**मिड इंडिया अण्डरब्रीज का निरीक्षण किया-** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने मिड इंडिया अण्डरब्रीज का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिये। गुरुवार की प्रात:काल अंडरब्रिज में जलभराव होने की शिकायत नपाध्यक्ष को प्राप्त हुई थी। शिकायत मिलने पर वे तत्काल पहुंची और उन्होंने नपा स्टॉफ को बुलाकर इसके समाधान पर चर्चा की और कहा कि अधिक क्षमता की मोटरे वर्षा ऋतु के पूर्व तत्काल लगाई जाए ताकि वर्षा की स्थिति में यहां जलभराव नहीं हो। कर्मचारियों ने उन्हें अवगत कराया कि आज जो जलभराव हुआ है वह विद्युत प्रदाय की दिक्कत के कारण हुआ है।

# धर्मान्तरण के बिना की गई शादी अवैध

### हाईकोर्ट ने कहा कि बिना धर्म बदले हिन्दू लड़की की मुस्लिम लड़के से शादी अवैध

**जबलपुर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** एमपी हाईकोर्ट में शादी की अनुमति के लिए पहुंची हिन्दू लड़की व मुस्लिम लड़के को कोर्ट ने शादी की अनुमति देने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यदि शादी मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत नहीं है। इसके साथ ही होने वाले बचों को संपत्ति का अधिकार नहीं मिलेगा। क्योंकि मुस्लिम पर्सनल लॉ इस शादी को अवैध मानता है।

गौरतलब है कि अनूपपुर में रहने वाले युवक-युवती ने शादी के लिए कलेक्टर आफिस में 25 अप्रैल को आवेदन दिया था। वहीं परिवालों को देखते हुए पुलिस सुरक्षा की मांग की थी। कलेक्टर उक्त मांग पूरी करने से इंकार कर दिया था। यहां तक कि विवाह की भी मंजूरी नहीं दी थी। इसके बाद दोनों ने विवाह के लिए हाईकोर्ट की शरण ली लेकिन यहां भी उन्हें अनुमति नहीं मिली। मुस्लिम लड़का एक हिंदू लड़की से विवाह करना चाहता है। विवाह के बाद हिंदू लड़की अपना धर्म छोड़ने नहीं चाहती ऐसी स्थिति में अदालत में दोनों की ओर से दलील रखी गई लेकिन भारतीय कानून में विशेष विवाह अधिनियम में इस तरह का विवाह संभव है लेकिन मुस्लिम पर्सनल लॉ इस बात की इजाजत नहीं है कि कोई मुस्लिम लड़का किसी मूर्ति पूजक हिंदू लड़की से विवाह कर सके और जब तक लड़की अपना धर्म छोड़कर मुस्लिम धर्म नहीं अपनाती तब तक विवाह मुस्लिम विवाह अधिनियम के तहत रजिस्टर नहीं किया जा सकता है। इसलिए इस मामले में कोर्ट से कोई मदद नहीं मिलेगी। आदेश में इतना कहते ही जस्टिस जीएस अहलूवालिया की कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया गया। इस मामले में युवक व युवती की की ओर से दिनेश कुमार उपाध्याय ने पैरवी की थी जबकि सरकार की ओर के एस बघेल ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान कोर्ट में लड़की के पिता भी उपस्थित रहे। जहां उन्होंने युवत-युवती की शादी का विरोध किया और आशंका जताई थी कि अगर अंतर-धार्मिक विवाह हुआ तो समाज में उनका बहिष्कार कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी दावा किया है कि लड़की जब अपने मुस्लिम साथी से शादी करने के लिए जाने से पहले घर से आभूषण और नगदी भी ले गई थी। याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि जोड़े को पुलिस सुरक्षा दी जानी चाहिए ताकि वे विशेष विवाह अधिनियम के तहत विवाह अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना विवाह पंजीकृत करा सकें। वकील ने यह भी कहा कि अंतर-धार्मिक विवाह, हालांकि व्यक्तिगत कानून के तहत निषिद्ध है। लेकिन विशेष विवाह अधिनियम के तहत वैध होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विशेष विवाह अधिनियम व्यक्तिगत कानून को दरकिनार कर देगा। न तो महिला और न ही पुरुष विवाह के लिए किसी अन्य धर्म को अपनाना चाहते हैं। महिला हिंदू धर्म का पालन करना जारी रखेगी जबकि पुरुष विवाह के बाद भी इस्लाम का पालन करना जारी रखेगा। कोर्ट ने मामले पर सुनवाई करते हुए अंत में यह भी कहा कि लड़का-लड़की लिव इन रिलेशनशिप में रह सकते हैं। लेकिन धर्म बदले बिना शादी मुस्लिम पर्सनल लॉ के खिलाफ में है। इसलिए ऐसी शादी को वैध नहीं माना जा सकता हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसे में वह स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी का रजिस्ट्रेशन करवाने की मांग पर दखल नहीं देगा।

### राज्य सरकार का नया फरमान...

## कलेक्टरो को निर्देश, नई खदानों की करें तलाश

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रेत के अवैध खनन पर सख्ती के निर्देश के बीच राज्य सरकार ने प्रदेश में नई रेत खदानें घोषित करने के निर्देश कलेक्टरों को दिए हैं। इसके लिए कलेक्टरों को कहा है कि नदी के किनारों पर नई रेत खदानें घोषित करने के लिए राज्य स्तर पर एमपी स्टेट एनवायरनमेंट इफैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी (सिया) से मिलने वाली 250 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाली भूमि पर फोकस किया जाए, ताकि राज्य सरकार के स्तर पर ही अधिक से अधिक रेत खदानें घोषित की जा सकें।

प्रमुख सचिव खनिज साधन विभाग ने सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर जिन क्षेत्रों में रेत खदानें नहीं हैं, वहां रेत खदानों की जांच और सीमांकन कराकर नई रेत खदानें तैयार कराने के लिए कहा है। कलेक्टरों को यह भी जानकारी दी है कि नई रेत खदानों की जरूरत इसलिए भी है क्योंकि पुरानी खदानों के समीप पुल, स्ट्रक्चर डेवलप हो गए हैं। इसलिए ऐसी 87 रेत खदानों में खनन की मंजूरी नहीं मिल रही है।

## टेंकर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पिपलियामंडी, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** टेंकर की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पिपलिया-मनासा मार्ग पर झारड़ा पुलिया पर टेंकर (सीजी 04 एनआर 3400) की टक्कर से बाइक सवार भैंसाखेड़ा निवासी भंवरलाल पिता अर्जुन पंवार घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मंदसौर रेफर कर दिया। नानीबाई पति गोर्धन मोगिया की रिपोर्ट पर टेंकर ड्राइवर पर केस दर्ज किया।

## बाफना परिवार द्वारा महाप्रसादी का आयोजन 6 जून को

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समाजसेवी कोमल बाफना परिवार के द्वारा भगवान शनिदेव की जयंती पर दिनांक 6 जून गुरुवार को प्रात: 10 से रात्रि 10 बजे तक खानपुरा स्थित शनि मंदिर परिसर में महाप्रसादी का आयोजन होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर समाजसेवी श्री कोमल बाफना ने अरविन्द कागला के साथ स्थल निरीक्षण किया और आयोजन की तैयारियों को लेकर संबंधित व्यक्तियों से चर्चा की। दिनांक 5 जून को शनि जयंती के एक दिवस पूर्व भगवान शनि मंदिर की भव्य विद्युत साज सज्जा की जायेगी। दिनांक 6 जून गुरुवार को को प्रात: 6 बजे तेलाभिषेक होगा। प्रात: 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक मंदिर परिसर में महाप्रसादी का आयोजन होगा। जिसमें लगभग 20 हजार से अधिक धर्मालुजन पहुंचकर महाप्रसादी का धर्मलाभ लेंगे। यह उल्लेखनीय है कि समाजसेवी कोमल बाफना परिवार के द्वारा यह 15वां आयोजन दिनांक 6 जून को किया जा रहा है।




## शराब तस्करी करते बाइक सवार को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** बाइक पर शराब तस्करी करते पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। नाहरगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव मोतीपुरा में बाइक (एमपी 14 एमएस 2069) को रोका, तलाशी के दौरान 48 बीयर के टीन व 50 क्वार्टर देशी प्लेन के बरामद हुए। पुलिस ने मामले में बाइक चालक बडा गाडरिया निवासी भगतराम पिता प्रभुलाल भील के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया। एक अन्य मामले में मल्हारगढ़ पुलिस ने बरखेड़ापंथ में स्थित भीलवाड़ा ढाबे पर मंदसौर निवासी भीमसिंह पिता तखतसिंह राजपूत को पकड़ा।

## महिला को पीटा, पति व सास पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** मायके में आकर महिला के साथ मारपीट करने वाले पति व सास के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। मनासा निवासी किरण योगी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पति दीपक नाथ शराब पीकर आए दिन मारपीट करता था, इस कारण मैं पिता के यहां गांव सूंठी आ गई। लेकिन यहां आकर भी पति दीपक नाथ व सास मंजूबाई पति सत्यनारायण नाथ ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पति बोला कि मुझे तलाक देदे। पुलिस ने पति व सास पर केस दर्ज किया।

## 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के लिए दल रवाना



**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** 21 एमपी बटालियन एनसीसी रतलाम के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के लिए मंदसौर टुप नंबर 224 एवं 156 के क्रेडिट्स केम्प करने के लिए सैलाना एकलव्य आवासीय विद्यालय के लिए प्रस्थान किया रक्षित निरीक्षक श्री केपीएस तोमर एवं संस्थान के प्राचार्य श्री धर्मपाल सिंह जी देवड़ा तथा सूबेदार श्री जयराम बड़क की उपस्थिति में हरी झंडी देकर कैंप के लिए बस को रवाना किया इस दौरान सूबेदार जयराम बडक साहब ने एनसीसी कैडेट को कैंप के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी संस्थान के प्राचार्य श्री धर्मपाल सिंह जी देवड़ा साहब ने सभी छात्र सेनिको को सुरक्षित एवं अच्छे तरीके से कैंप करने की शुभकामनाएं प्रदान की, रक्षित निरीक्षक मदसौर श्री के,पी,एस , तोमर के द्वारा सभी छात्र सैनिकों को एनसीसी की जानकारी और कैंप के दौरान अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की सलाह दी एवं एनसीसी कैडेटस के रूप में अपने अनुभव की जानकारी प्रदान की इस अवसर पर स्काउट गाइड के प्रभारी श्री मनोहर लाल शर्मा साहब एनसीसी अधिकारी श्री हरीश परिहार एवं एनसीसी अधिकारी विजय सिंह पुरावत, एनसीसी प्रभारी महारानी लक्ष्मीबाई विघालय की मेडम दुबे एवं नरेन्द्र पाटीदार पूर्व सेनिक भारतीय सेना और छात्र सैनिक सीनियर पुष्पेंद्र सिंह और स्टाफ सदस्य उपस्थित थे

## नप ने बड़े नालों की सफाई का चलाया अभियान

**नगरी, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद ने बारिश पूर्व नालों की साफ सफाई का काम शुरू कर दिया है। बारिश के दोरान किसी प्रकार से जल भराव की स्थिति निर्मित नहीं हो, इसको लेकर नगर परिषद सफाई कर्मचारियों ने नगर परिषद के पास, बस स्टैंड क्षेत्र के साथ ही अन्य बडे नालें जिनमें बारिश का पानी सबसे ज्यादा आता है, उनको साफ किया नप दरोगा शांतिलाल हंस ने बताया कि नप की सफाई कर्मचारियों द्वारा लगातार पिछले तीन दिनों से नगर के सभी बडे नालों की सफाई का काम किया जा रहा है। आवश्यकतानुसार बारिश तक नियमित रूप से नालों के साथ ही नगर की पानी निकासी की नालियों को भी पुरी तरह से साफ किया जाता रहेगा। बारिश में नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नही करना पडे इसके लिए नगर परिषद ने उक्त अभियान चलाया है।



## जिला बदर आरोपी घर पर धराया

**पिपलियामंडी, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** नारायणगढ़ पुलिस ने जिला बदर आरोपी पकडा। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर जिला बदर आरोपी दोरवाड़ा निवासी रमेश पिता वरदीचंद बोराना के घर दबिश दी, जहां रमेश घर पर ही मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## शिकारी तेंदुए को पकड़ा, भोपाल वन विहार भेजा

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** नीमच-भानपुरा मार्ग के रावल कुंडी गांव में शनिवार को तेंदुआ दिखाई दिया। लोगों ने तेंदुआ देख शोर मचाना प्रारंभ कर दिया। इससे तेंदुए ने घबराकर वही भागते हुए एक व्यक्ति पर हमला कर दिया। इसके बाद से तेंदुए की दहशत बरकरार थी। गुरुवार को फिर रावल कुंडी के पास पुलिया के नीचे तेंदुआ नजर आया। इसके बाद नीमच -भानपुरा रोड पर वाहनों को रुकवाया गया।

वन विभाग की टीम ने तेंदुए का रेस्क्यू कर उसे वन विहार भोपाल भेज दिया गया है। वन विभाग ने अपील जारी की है। जिसमें कहा है कि गांधी सागर अभयारण्य वन्य जीवों का आवास स्थल है। वन्य जीवों के आवास स्थल में प्रवेश करने से बचे।

# पिपली वाली अम्बे माताजी की नवीन कार्यकारिणी गठित

### मोहन रामचंदानी अध्यक्ष एवं ब्रजेश जोशी संयोजक

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** पिपली वाली अम्बे माता जी जीवागंज, मंदसौर समिति की नवीन कार्यकारिणी गठित की गई जो इस प्रकार है:-



अनिता जी गुरू संरक्षक, कोमल जी बाफना संरक्षक, नेमीचन्द जी कोठारी आर्शिवादाता, राजेन्द्र जी हेड़ा आर्शिवादाता, सौरभ डोसी आर्शिवादाता, श्याम भावसार आर्शिवादाता, आलोक भावसार आर्शिवादाता, आशिष गुप्ता आर्शिवादाता, सिल्वर हाउस ठाकुर सा. आर्शिवादाता, मोहन रामचंदानी अध्यक्ष, ब्रजेश जी जोशी संयोजक, रमेश जी ग्वाला महासचिव, दिलीप ग्वाला सचिव, दिनेश जी उपाध्याय सचिव, कमलेश जी शर्मिली साडी संगठन मंत्री, राजकुमार सोनी संगठन मंत्री, ताराचन्द्र जी अग्रवाल व्यवस्था प्रमुख, राजू जी उपाध्याय प्रचार मंत्री, भोला सोनी सचिव, मनीष सोनी सचिव, नितेश चौहान व्यवस्था प्रमुख, उमेश जी व्यवस्था प्रमुख, विशाल जी झाला व्यवस्था प्रमुख, जगदीश हलवाई व्यवस्था प्रमुख, गोविन्द सोनी महासचिव, शुभम जैन व्यवस्था प्रमुख, सुनील बानिया सचिव, विनोद चौबे व्यवस्था प्रमुख, अनिल जैन व्यवस्था प्रमुख, प्रहलाद चाय व्यवस्था प्रमुख, सत्यम किराना नयापुरा व्यवस्था प्रमुख, विनय अग्रवाल व्यवस्था प्रमुख, विजय जी सक्सेना कोषाध्यक्ष, जगदीश पहलवान सचिव, क्रितेश जैन, नीरज जोशी, नेमीचन्द खिमेसरा सचिव, काऊ खिमेसरा सहयोगी कोषाध्यक्ष, अरूण मारू, राकेश हेड़ा सचिव, लाला पंडित, अभिषेक सोनी, रमेश रम्मूदा, चेतन सोनी, श्रीमती सरिता भाभी बानिया व्यवस्था उत्सव प्रमुख, श्रीमती पुर्णिमा सोनी व्यवस्था उत्सव प्रमुख, श्रीमती निता चौबे व्यवस्था उत्सव प्रमुख, श्रीमती राजश्री उपाध्याय व्यवस्था उत्सव प्रमुख, श्रीमती सोनलता जोशी व्यवस्था उत्सव प्रमुख, श्रीमती मुन्नी जीजी (प्रभा) व्यवस्था उत्सव प्रमुख, श्रीमती रानु भावसार व्यवस्था उत्सव प्रमुख, श्रीमती अनिता कोठारी व्यवस्था उत्सव प्रमुख, श्रीमती निर्मला जैन व्यवस्था उत्सव प्रमुख, श्रीमती अग्रवाल मेडम व्यवस्था उत्सव प्रमुख।

**आवश्यकता है**

रेडीमेड कपड़ों की दुकान के लिए

**सेल्समेन** की आवश्यकता है

वेतन योग्यतानुसार

**दिलीप स्टोर्स**

कालाखेत, मंदसौर, मो.-8839455308

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम

**नामान्तरण -सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गाँधी नगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक HIG.JR-05 जो श्री प्रमोद पारीख पिता श्री कल्याणदास पारीख को मण्डल आदेश क्रमांक 1619 दिनांक 04.10.2013 को आवंटित किया गया था। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 23.07.2015 को उप पंजीयन कार्यालीय में निष्पादित किया गया था। श्री प्रमोद पारीख पिता श्री कल्याणदास पारीख द्वारा उक्त भवन श्रीमती प्रीति पुरावत पति श्री अजयसिंह पुरावत को कर विक्रय पत्र दिनांक 29.06.2020 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार उक्त भवन का नामांतरण श्रीमती प्रीति पुरावत पति श्री अजयसिंह पुरावत अपने नाम करवाना से चाहती है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक HIG.JR-05 गाँधी नगर मंदसौर का नामान्तरण श्रीमती प्रीति पुरावत पति श्री अजयसिंह पुरावत के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा। ।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम

**नामान्तरण -सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गाँधी नगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG.I-64 जो श्रीमती नेहा बाबानी पति श्री राजेन्द्र कुमार बाबानी को मण्डल आदेश क्रमांक 1254 दिनांक 16.03.2022 द्वारा नामांतरित किया गया था। श्रीमती नेहा बाबानी पति श्री राजेन्द्र कुमार बाबानी द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री भगवानदास भीमानी पिता श्री लालचन्द्र भीमानी को कर विक्रय पत्र दिनांक 24.03.2022 को इनके पक्ष में उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार उक्त भवन का नामांतरण श्री भगवानदास भीमानी पिता श्री लालचन्द्र भीमानी अपने नाम करवाना से चाहते है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक MIG.I-64 गाँधी नगर मंदसौर का नामान्तरण श्री भगवानदास भीमानी पिता श्री लालचन्द्र भीमानी के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



**✻ उठावना ✻**

राजेश, संजीव एवं अनिल कियावत की पूज्य माताजी श्रीमती जयाप्रभा धर्म सहायिका स्व फतेहलालजी कियावत का अरिहंतशरण बुधवार 29 मई 2024 को मन्दसौर में हो गया है। जिनका उठावना 31 मई शुक्रवार प्रात 10:00 बजे स्थान बंडी जी का बाग हजारी रोड मन्दसौर पर रखा गया है।

✻✻✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻✻✻

राजेश कियावत, संजीव कियावत, अनिल कियावत एवं समस्त कियावत परिवार

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम

**नामान्तरण -सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG.II-09 श्रीमती सोहनबाई जाखेटिया पति स्व.श्री रामेश्वरलाल जाखेटिया को मण्डल आदेश क्रमांक 267 दिनांक 01.03.2012 द्वारा नामांतरित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 09.04.2012 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था। श्रीमती सोहनबाई जाखेटिया पति स्व. श्री रामेश्वरलाल जाखेटिया का स्वर्गवास दिनांक 16.09.2021 को हो जाने से इनके एक मात्र पुत्र श्री गोपाल जाखेटिया पिता स्व.श्री रामेश्वर लाल जाखेटिया द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री गोपाल जाखेटिया पिता स्व.श्री रामेश्वर लाल जाखेटिया अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमाक MIG.II-09 संजीत मार्ग मंदसौर का नामान्तरण श्री गोपाल जाखेटिया पिता स्व. श्री रामेश्वर लाल जाखेटिया के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम

**नामान्तरण -सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गांधीनगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक EWS.A-130 जो श्री सौभाग्यमल जैन पिता श्री भेरुलाल जैन को मण्डल आदेश क्रमांक 11550 दिनांक 30.09.1982 को आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 12.05.1998 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था। श्री सौभाग्यमल जैन पिता श्री भेरुलाल जैन द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती कृष्णा सोनी पति श्री शत्रुन्जय सोनी को कर विक्रय पत्र दिनांक 16.10.1998 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में पंजीयन निष्पादित करवा दिया है। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर भवन का नामांतरण श्रीमती कृष्णा सोनी पति श्री शत्रुन्जय सोनी अपने नाम करवाना चाहती है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक EWS.A-130 संजीत मार्ग मंदसौर का नामान्तरण श्रीमती कृष्णा सोनी पति श्री शत्रुन्जय सोनी के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)

**राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001 Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 37/2024 दिनांक 30.05.2024

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा अशोक पिता नागुलाल जी सेन, निवासी-ग्राम-चिपलाना, तहसील व जिला-मंदसौर से आवासीय मकान ग्राम-चिपलाना, पटवारी हल्का नं. 00104, तहसील व जिला-मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्रं. MP2493920 24A1644596, दिनांक 27/05/2024 से मेरे पक्षकार कलाबाई पति अशोक जी सेन, निवासी-ग्राम-चिपलाना, तहसील व जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मन्दसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुसीमा व पैमाईश निम्नानुसार है-

पूर्व में-नागुलाल का मकान, पश्चिम में-आम रास्ता, उत्तर में-भेरूलाल का मकान, दक्षिण में-रमेश का मकान। पैमाईश रकबा-900 वर्ग फीट या 83.61 वर्ग मीटर।

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोज आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in